# सांसद अभिषेक की गिरफ्तारी पर रोक

## बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं अभिषेक

### आकाश विजयवर्गीय को जवाब पेश करने मोहलत

**जबलपुर, 8 दिसंबर. मप्र हाईकोर्ट ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी के विरुद्ध भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक बरकरार रखी है.**

वहीं कोर्ट ने आकाश विजयवर्गीय को जवाब पेश करने मोहलत प्रदान की है. जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 19 जनवरी को निर्धारित की है. उल्लेखनीय है कि



मानहानि का केस भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है. नवंबर 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था. इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था. अभिषेक की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है. उन्होंने एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से राहत प्रदान किए जाने का आवेदन दिया था, किंतु कोर्ट ने उस पर विचार न करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया. मानहानि का मुकदमा अनुचित है. ऐसा इसलिए क्योंकि बयान को तोड़ मरोड़ कर समाचार बनाए गए थे.

### एसपी से मांगा जवाब

रीवा के डभौरा थाना अन्तर्गत एक वर्ष पूर्व आदिवासियों के खेत की बाड़ी तोड़ कर मारपीट किये जाने के मामले में कार्यवाही न किये जाने को लेकर पीड़ित पक्ष हाईकोर्ट की शरण ली. जहा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ए.के पालीवाल द्वारा मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सहित अन्य को चार सप्ताह के भीतर न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया है. मामले की पैरवी पीड़ित संजय कोल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह द्वारा की गई.

### लागू नहीं होता इंडियन एविडेंस एक्ट

जबलपुर हाईकोर्ट ने अपने अहम फैसले में कहा है कि शादी के मामले में इंडियन एविडेंस एक्ट पूरी तरह से लागू नहीं होता है. हाई कोर्ट जस्टिस विशाल धगट तथा जस्टिस बी पी शर्मा की युगलपीठ ने 65-बी सर्टिफिकेट के बिना कुटुम्ब न्यायालय के द्वारा तस्वीर को देखते हुए एडल्टरी के आधार पर तलाक की डिक्री जारी करने में कोई गलती नहीं की है. युगलपीठ ने उक्त आदेश के साथ दायर अपील को खारिज कर दिया.

# स्कूल में बाइबल पाठ को लेकर विवाद

### बजरंग दल की शिकायत के बाद किया निरीक्षण

**सिवनी, 8 दिसंबर. शहर के मिशन स्कूल में विद्यार्थियों को कथित रूप से बाइबल के पद पढ़ाने और धार्मिक प्रार्थना करवाने को लेकर रविवार को विवादित स्थिति बन गई.**

मामले की सूचना के बाद बजरंग दल सिवनी के पदाधिकारी स्कूल पहुँचे और प्रबंधन से शिकायतों का विवरण साझा करते हुए स्पष्टिकरण मांगा. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन और तहसील प्रशासन भी मौके पर पहुँचा और स्कूल का निरीक्षण किया. शिकायत के आधार पर प्रशासन का निरीक्षण बजरंग दल द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर 08 दिसंबर 2025 को पुलिस थाना प्रभारी,




प्रशासनिक अधिकारी तथा संगठन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मिशन स्कूल का औपचारिक निरीक्षण (पंचनामा) किया गया. निरीक्षण के दौरान इंचार्ज प्रिंसिपल ने अधिकारियों को बताया कि सुबह की प्रार्थना के अंत में बाइबल की किताब नया नियम में से केवल नीति वचन के 1-2 पद नैतिक शिक्षा के रूप में पढ़ाए जाते हैं. एक ईसाई शिक्षक द्वारा यह वाचन कराया जाता है. बंधन ने कहा कि इसके अलावा प्रतिदिन राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारे भी लगाए जाते हैं. निरीक्षण के दौरान मौजूद छात्रों ने प्रशासन को बताया कि सुबह की प्रार्थना में हे परमपिता परमेश्वर से संबंधित प्रार्थना कराई जाती है.

# ओएचई यान ने ट्रैक मशीन को टक्कर मारी

### दो कर्मचारी गंभीर, हिंगोरिया फाटक के पास हुआ ब्रेक फेल

**नीमच, 8 दिसंबर. जिले में सोमवार दोपहर हिंगोलिया फाटक के पास रेलवे पटरी पर बड़ा हादसा हो गया. ट्रैक रिपेयरिंग के लिए खड़ी एक ट्रैक मशीन में पीछे से ओएचई (ओवरहेड इक्विपमेंट) निरीक्षण यान तेज रफ्तार से जा घुसा.**

हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ, जिसमें दो कर्मचारी घायल हुए, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब एक बजे निरीक्षण यान के अचानक ब्रेक फेल हो गए थे. नियंत्रण बिगडने के बाद यान



सीधे खड़ी ट्रैक मशीन से टकरा गया और उसे कुछ दूरी तक घसीटता हुआ ले गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक मशीन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. हादसे में घायल कर्मचारियों को तुरंत शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया. गंभीर रूप से घायल दो कर्मचारियों की पहचान विष्णु पिता नारायण राठौर (32), निवासी रेलवे कॉलोनी नीमच, और रामनरेश पिता सुखलाल मीणा (22), निवासी मंदसौर, के रूप में हुई है. प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को नीमच जिला चिकित्सालय से रेफर किया गया है.

### दो घंटे में हटाया

हादसे के बाद पटरी पर खड़ी निरीक्षण यान और ट्रैक मशीन को हटाने में दो घंटे से ज्यादा का समय लगा. रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है. रेलवे विभाग ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई प्रक्रिया में है और दुर्घटना के तकनीकी कारणों की भी जांच की जा रही है.

## डीआईजी ने बरगवां और कोतवाली का किया निरीक्षण

**सिंगरौली, 8 दिसम्बर.** जिले में आज रीवा रेंज के डीआईजी हेमंत चौहान पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार दौरा हुआ। इस दौरान उन्होंने थाना बरगवां, कोतवाली बैजन पहुंचकर आवश्यक निरीक्षण किया। डीआईजी ने कोतवाली के रिकॉर्ड रूम, सीसीटीएनएस कक्ष एवं ऑनलाइन प्राथमिकी एफआईआर पंजीयन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली. निरीक्षण के दौरान डीआईजी हेमंत चौहान ने सबसे पहले बरगवां थाना पहुंच वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिए.


# इंदौर एयरपोर्ट पर अव्यवस्था बरकरार, सफाई नदारद

### ढाई घंटे में 8 उड़ानें समय पर, दो रद्द; हेल्पलाइन ठप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. पांच दिनों से उड़ान रद्दीकरण और देरी से जूझ रहे यात्रियों को सोमवार सुबह थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन एयरपोर्ट की अव्यवस्थित सिस्टम, बंद हेल्पलाइन और सफाई में लापरवाही ने सवाल और गहरे कर दिए.**

सुबह 6.30 से 8.30 बजे के बीच 10 में से 8 उड़ानें समय पर रवाना हुईं, जबकि बेंगलुरु और मुंबई की एक एक उड़ान रद्द करनी पड़ी. इंडिगो एयरलाइंस की देशभर में चल रही क्रू शॉर्टेज और



परिचालन गड़बड़ियों का सबसे ज्यादा असर इंदौर पर पड़ा है. सोमवार सुबह एयरपोर्ट की स्थिति पिछले चार दिनों की तुलना में बेहतर रही. जयपुर, मुंबई, रायपुर और हैदराबाद जाने वाले यात्री समय पर उड़ानों में सवार हुए, जबकि दो उड़ानें रद्द रहीं. इंदौर आने वाली उड़ानों में भी स्थिति बेहतर दिखी. सुबह पुणे, मुंबई और भुवनेश्वर को छोड़कर सात उड़ानें पहुंच चुकी थीं. हालांकि समय पर विमान न पहुंचने की दिक्कत अब भी बनी हुई है. एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रविवार शाम हेल्पलाइन नंबर जारी किए थे, लेकिन यात्रियों का दावा है कि अधिकांश नंबर लग ही नहीं रहे.

कंट्रोल रूम और एयरलाइन ऑपरेटरों के कई नंबर आउट ऑफ रीच बताए जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर अथॉरिटी द्वारा सब सामान्य है बताने के दावों का यात्रियों ने ऐसी किसी भी स्थिति का खंडन किया है. यात्रियों का कहना है कि इन नंबरों पर या तो कॉल नहीं लग रही या निरंतर आउट ऑफ कवरेज बता रहा है.

एयरपोर्ट की सफाई व्यवस्था पर लंबे समय से सुविधानुसार दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन रविवार को सामने आई एक तस्वीर ने व्यवस्था की पोल खोल दी. इंडिगो टिकट काउंटर पर एक कुत्ता मुंह में मरी गिलहरी दबाए खड़ा. यात्रियों ने इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा. सफाई में तमगा जीतने वाले शहर के एयरपोर्ट की यह हालत किसकी जिम्मेदारी है. यह तस्वीर वायरल होने के बाद एयरपोर्ट प्रबंधन की निगरानी और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.

## एक नजर में



### किसानों का प्रदर्शन, सड़क को किया जाम

**शिवपुरी, 8 दिसंबर.** जिले के पिछोर अनुविभाग के मायापुर थाना क्षेत्र के मुंहासा गांव के पास किसानों ने खनियाधाना-ईसागढ़ रोड पर चक्काजाम कर दिया. तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से नाराज किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिससे आवागमन बाधित रहा. किसानों के अनुसार, बिजली न मिलने से उनकी फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान हो रहा है. घरों में भी बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, लेकिन विभाग द्वारा कोई समाधान नहीं किया जा रहा है. किसानों ने आरोप लगाया कि जब वे समस्या की जानकारी लेने बिजली फीडर पर पहुंचे तो वहां ताला लगा मिला. कर्मचारियों ने भी बिजली आपूर्ति न होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया. किसानों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण उन्हें समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है. आक्रोशित किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होगी, तब तक चक्काजाम जारी रहेगा. इस प्रदर्शन के कारण खनियाधाना-ईसागढ़ रोड पर ट्रकों, बसों और निजी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया.

### खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दिया बढ़ावा

**सीधी 8 दिसम्बर.** जिले में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत वूशु प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया. प्रतियोगिता में जिले के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. मैदान पर युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा, अनुशासन और जुझारूपन साफ झलक रहा था. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में खेलों का माहौल नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया जैसे जनआंदोलनों को जाता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की खेल प्रतिभाओं पर जिस विश्वास के साथ नीतियां तैयार की हैं, उसका परिणाम यह है कि देश का युवा आज विश्व स्तर पर भारत का परचम लहरा रहा है. सांसद खेल महोत्सव भी उसी राष्ट्रीय विजन की कड़ी है, जो हर जिले, हर गांव की प्रतिभा को मंच देने का प्रयास है. सांसद ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन दृष्टि, आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और अनुशासन का माध्यम है. उन्होंने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीधी जिले की प्रतिभाएं लगातार आगे आ रही हैं और आने वाले समय में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगी.

# पत्नी ने अंत्येष्टि के लिए मांगा पति का शव

**जबलपुर, 8 दिसंबर. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने बिना सुरक्षा मानक खदान में मिट्टी डालने से मौत के मामले में जवाब-तलब किया है.**

इस सिलसिले में भारत सरकार, एसईसीएल प्रबंधन, ठेका कंपनी आरकेटीसी, थाना प्रभारी धनपुरी शहडोल, कलेक्टर शहडोल, डीजीएमएस जबलपुर को नोटिस जारी किए गए हैं. याचिकाकर्ता पत्नी ने अंत्येष्टी के लिए पति का शव मांगा है. दरअसल याचिकाकर्ता मऊगंज जिला अंतर्गत ग्राम खजुरहन निवासी आरती कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति अनिल कुशवाहा की 11 अक्टूबर 2025 को साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के सोहागपुर एरिया की अमलई ओसीएम में प्रबंधन की लापरवाही से मौत हो गई थी, वे ट्रिपर हाइवा चालक थे. एसईसीएल के द्वारा आरकेटीसी कंपनी को ठेका दिया गया था. याचिकाकर्ता के पति ठेका कंपनी के अंतर्गत कार्य कर रहे थे. उस दिन काफी बारिश हुई थी. बावजूद प्रबंधन व ठेका कंपनी द्वारा टार्गेट पूरा करने बिना सुरक्षा मानकों के मिट्टी डालने के कार्य में लगा दिया. वह खदान 15 वर्ष पूर्व बंद हो गई थी. 90 फिट गहरी थी. उसमें बारिश का पानी भरा था. बारिश के कारण मिट्टी की सतह ठोस नहीं थी.

एसईसीएल के सोहागपुर प्रबंधन ने कोयला निकालने के बाद खदान को प्लान के अनुसार बंद नहीं किया गया. साथ ही भारत सरकार द्वारा समय-समय पर खदान के बंद करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया. घटना के समय कोई भी सुरक्षा संबंधी उपाय नहीं किए गए थे. प्रबंधन द्वारा सात दिन के अंदर मृतक की अवशेष अर्थात कंकाल सौपने का भी आश्वासन दिया गया था. पंचनामा बनाया था किंतु संपूर्ण पानी की निकासी नहीं हो सकी. यहां तक कि थाना धनपुरी द्वारा केवल पांच लोगों के खिलाफ मामूली धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई हैं.



### कांग्रेस का इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन

**इंदौर.** युवक कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियों के आरोप लगाते हुए विरोध में इंदौर कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया. पुलिस ने वाटर कैनन का का इस्तेमाल किया.

## अवैध रूप से परिवहन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**ग्वालियर.** जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विक्रमजीत सिंह कंग को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर रुचिका चौहान ने अवैध रूप से खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों को रोकने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं आरटीओ को पत्र लिखा है. पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि ट्रेक्टर-ट्रॉलियां एवं ट्रॉलियों में साईड पट्टे लगाकर ओवर हाईट रेत, गिट्टी, ईटें आदि लेकर अनाधिकृत रूप से संचालित हैं.

# महिला उत्पीड़न के आरोपों से घिरे अधिकारी

**रीवा, 8 दिसम्बर. मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी एवं अधीक्षण यंत्री संजीव कुमार मेहरा फिर चर्चा में है. उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही है. एक और शिकायत के बाद जांच का सामने करना पड़ेगा.**

उन पर महिला उत्पीडन से जुड़ा गंभीर आरोप लगाया गया है. जिस पर पर्यावरण विभाग की उप सचिव वर्षा सोलंकी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव एए मिश्रा को पत्र लिखकर जांच करने के लिये कहा है. इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के अध्यक्ष की ओर से संजीव मेहरा के विरूद्ध शिकायत पत्र सौपा गया है, जिसमें गंभीर प्रकृति आरोप लगाए गए है. कुछ समय पहले ही मेहरा की पोस्टिंग रीवा में हुई है और यहा आते ही विवाद शुरू हो गया है. बताया जा रहा है कि पूर्व में वह दूसरे जिले में पदस्थ रहे है तो वहा पर एक महिला सहकर्मी के शोषण का आरोप लगा था. उस महिला के परिवार से जुड़े लोगो ने भी शिकायत की है. साथ ही अब ब्राम्हण महासभा की ओर से दिये गये ज्ञापन के बाद संजीव मेहरा की मुश्किले बढने लगी है. कुछ समय पहले सिंगरौली में पदस्थ रहे है वहा भी एक अन्य प्रकरण में इसी तरह के आरोपो से उनका सामना हुआ था. जिस पर जांच रिपोर्ट भी आई और उसमें उन्हे तत्काल दूसरी जगह पदस्थ करने की अनुशंसा की गई थी, इसी वजह से रीवा में पदस्थ किया.

महिला सहकर्मी ने भोपाल पहुंचकर मुख्यालय के अधिकारियों से शिकायत की थी. जिसमें कहा था कि वह काम के दौरान अभद्रता और छेडख़ानी करते है. एक मामले के बाद दूसरे मामले के सामने आने के बाद मेहरा की मुश्किले बढ़ गई है. बताया जा रहा है कि कुछ कर्मचारियों ने भी अलग से शिकायत की है, जिससे अधीनस्थो के साथ बर्ताव सही न होने का आरोप शामिल है. हाल ही में रीवा क्षेत्रीय अधिकारी के रूप में पदस्थ हुए है. इसके पहले भी मेहरा रीवा में रह चुके है. तब भी कुछ कर्मचारियों के साथ तालमेल ठीक नहीं थे और विवाद की स्थित निर्मित हुई थी.

# ट्रेनी विमान क्रैश, पायलट जख्मी

### हाई वोल्टेज तार से टकराने के बाद हादसा

**सिवनी, 08 दिसंबर. सिवनी से एक हादसे की खबर सामने आई है, यहां पर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर नागपुर रोड के आमगांव के पास एक ट्रेनी विमान हाई वोल्टेज 33 केवी बिजली लाइन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया.**

इस हादसे में पायलट और उसका सहयोगी घायल हो गए. इस हादसे के कारण बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके कारण 80 से 90 गांवों में करीब ढाई घंटे तक अंधेरा छाया रहा. रेडवर्ड एविएशन कंपनी से जुड़ा यह विमान आबादी से दूर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे कंपनी की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है. जानकारी के



अनुसार, घटना में पायलट अजीत चावड़ा व एक अन्य के घायल होने की जानकारी सामने आई है. हालांकि, दोनों घायल सुरक्षित बताए गए हैं, जिनका उपचार बारापत्थर के निजी अस्पताल में चल रहा है. जानकारी के अनुसार, हवाई पट्टी में उतरने के दौरान ट्रेनी विमान का निचला हिस्सा बादलपार सब स्टेशन की 33 केवी बिजली लाइनों से टकरा गया. गनीमत की बात रही बिजली तार टूटने के साथ ही ट्रेनी विमान जमीन पर गिर गया.

यात्रा | शहर में रथ यात्रा के साथ दो पहिया वाहन रैली निकाली

# स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने लिया संकल्प

**झाबुआ, 8 दिसंबर. कन्फेडरेशन आफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से शहर में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आयोजन किया गया.**

अभियान के तहत राजवाड़ा पर सभी ने 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने एवं विदेशी सामग्रीयों का पूर्णतः बहिष्कार' का सामूहिक संकल्प लिया. बाद राजवाड़ा से रथ यात्रा के साथ दो पहिया वाहन रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई. जानकारी देते हुए कैट एसोसिएशन जिलाध्यक्ष मुकेश जैन 'नाकोड़ा' एवं जिला



महामंत्री पंकज जैन 'मोगरा' ने बताया कि कैट एसोसिएशन एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी 8 दिसंबर, सोमवार शाम 5 बजे शहर के मध्य राजवाड़ा पर एकत्रित हुए. यहां स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के सम्मुख कैट के जिला महामंत्री पंकज जैन 'मोगरा' ने उपस्थित कैट पदाधिकारी-सदस्यों और शहर के व्यापारियों और आमजनों को देश को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु 'स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार' करने का सामूहिक संकल्प दिलवाया गया.

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और केसरिया ध्वजों के साथ वाहन रैली निकाली. इस दौरान रथ यात्रा के आगे मातृ शक्ति के रूप में कैट एसोसिएशन से जुड़ी सपना संघवी एवं भारती जैन 'मोगरा' ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया. अतिथि के रूप में एसडीएम झाबुआ भास्कर गाचले ने झंडी दिखा कर स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के साथ दो पहिया वाहन रैली को रवाना किया. रैली आगे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और पीछे केसरिया ध्वज के साथ एसो. सदस्य रैली में शामिल हुए.

## शिवपुरी के भाजपा और कांग्रेस विधायकों के बिगड़े बोल

**शिवपुरी, 8 दिसंबर.** भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने जहां कांग्रेस को गधा कह दिया वहीं कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने अंधा बांटे रेवड़ी वाली कहावत कहते हुए भाजपा सरकार पर कटाक्ष किया. अब इन दोनों विधायकों के बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं. साथ ही राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बने हुए हैं. कांग्रेस के पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने कहा कि अनुपूरक बजट में क्षेत्र के लिए कोई सुविधा नहीं दी गई. इससे साबित होता है कि भाजपा सरकार अंधा बांटे रेवड़ी, चीन-चीन के दे वाली कहावत को निभा रही है.

# भावना डेहरिया के पक्ष में आया हाईकोर्ट का फैसला

### विक्रम अवॉर्ड का रास्ता हुआ साफ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. माउंट एवरेस्ट फतह कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को राज्य का सर्वोच्च खेल सम्मान मिलने में अब कोई रोक नहीं रही. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने उनके चयन पर लगी रोक हटाते हुए याचिका खारिज कर दी.**

एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगिरी में 2023 के लिए घोषित विक्रम अवॉर्ड भावना डेहरिया को दिए जाने का रास्ता हाई कोर्ट से साफ हो गया है. सोमवार को न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने इस संबंध में दायर याचिका को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया. अदालत ने माना कि राज्य सरकार का निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी तरह की प्रक्रियागत कमी नहीं है. सुनवाई के दौरान भावना डेहरिया की ओर से एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव पेश हुए, जबकि राज्य सरकार का पक्ष डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने रखा. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के निर्णय को सही माना. याचिका मधुसूदन पाटीदार ने दायर की थी. उन्होंने दावा किया था कि वे डेहरिया से पहले एवरेस्ट फतह कर चुके हैं, इसलिए पुरस्कार के हकदार वे हैं. अदालत ने रिकॉर्ड के आधार पर पाया कि पाटीदार का आरोहण वर्ष 2017 का है.

छिंदवाड़ा जिले के तामिया की रहने वाली भावना डेहरिया ने विश्व की पाँच महाद्वीपीय शीर्ष पर्वत चोटियों एवरेस्ट (एशिया), किलिमंजारो (अफ्रीका), कोज़ुस्को (ऑस्ट्रेलिया), एलब्रस (यूरोप) और अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका) पर तिरंगा फहराया है. वे प्रदेश से एवरेस्ट फतह करने वाली शुरुआती महिलाओं में शामिल हैं और अब एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगिरी में यह सम्मान पाने वाली पहली महिला बनेंगी. भावना और उनकी चार वर्षीय बेटी सिद्धि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर भी हैं. पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए उन्हें एक अनूठे प्रयास पर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी मिल चुका है. इस मामले में भावना ने कहा कि यह सम्मान उनके साहस और समर्पण की यात्रा को नई प्रेरणा देता है.